RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 29 अगस्त 2025 | वर्ष 07 | अंक 131 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

**मुंबई : श्री सिद्धिविनायक मंदिर दर्शन के समय में बदलाव**


Page - 2

# ओबीसी कोटे से आरक्षण देने पर मराठा समाज का बहुत नुकसान होगा

## इस मांग पर विचार करना चाहिए - मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई : मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में कहा कि ओबीसी कोटे से आरक्षण देने पर मराठा समाज का बहुत नुकसान होगा, इसलिए मराठा समाज को इस पर विचार करना चाहिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पत्रकारों से कहा कि मराठा समुदाय की यह भी जिम्मेदारी है कि वे मराठा समुदाय के हितों का अध्ययन करें और वह मांग करें।**



हालांकि, एक बात सच है कि एसईबीसी आरक्षण में राजनीतिक आरक्षण नहीं मिलेगा, अगर राजनीतिक आरक्षण का इरादा है, तो बात अलग है। अगर राजनीतिक आरक्षण का इरादा नहीं है और अगर सामाजिक और आर्थिक बदलाव की लड़ाई है, अगर नौकरियों की लड़ाई है, अगर प्रवेश की लड़ाई है, तो कम से कम कुछ बुद्धिजीवियों को इस मांग पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आप सभी ने देखा है कि अतीत में क्या हुआ था, आज भी आंदोलन के लिए संसाधन जुटाने वाले कौन हैं? यह देखा जा रहा है, लेकिन यह ठीक है। मेरा कहने का मतलब ये है कि हमारे लिए ये आंदोलन राजनीतिक नहीं है, हम इसे सामाजिक चश्मे से देखेंगे, कुछ राजनीतिक दल उनके कंधे पर बंदूक रखकर अपना फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें फायदा नहीं, बल्कि नुकसान होगा । मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मराठा और ओबीसी समुदाय के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। मराठा समुदाय को आरक्षण दिया गया है, इसे अदालत में भी बरकरार रखा गया है। किसी का आरक्षण नहीं छीना जाएगा, किसी को भी लोकतंत्र के दायरे से बाहर नहीं जाना चाहिए।

# नवी मुंबई का व्यक्ति 'ठक-ठक गैंग' का शिकार... आईफोन चोरी



**नवी मुंबई :** कुख्यात 'ठक-ठक गैंग' मुंबई की सड़कों पर फिर से उभर आया है, इस बार कुर्ला में एक कार को निशाना बनाया गया। नवी मुंबई का एक व्यक्ति इसका ताजा शिकार बना, जब एसएलआर ब्रिज से नीचे उतरते समय एक तेज, सुनियोजित चोरी में उसका आईफोन चोरी हो गया। पूरी घटना कार के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे गिरोह की कार्यप्रणाली की स्पष्ट फुटेज मिल रही है। जैसे ही ड्राइवर ने पुल से उतरते हुए गाड़ी की गति धीमी की, एक युवक आया और ड्राइवर की तरफ की खिड़की पर जोर से दस्तक देने लगा।

जब ड्राइवर ने यह देखने के लिए खिड़की को थोड़ा नीचे किया कि क्या हो रहा है, तो दूसरी तरफ से एक और व्यक्ति आया और उसने यात्री के दरवाजे पर दस्तक दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई, जैसा कि रिपोर्ट में बताया गया है।

# मुंबई : लोकल ट्रेन में महिला को देखते हुए शर्मनाक हरकत

## वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल



**मुंबई :** एक शर्मनाक घटना में, एक व्यक्ति भीड़-भाड़ वाली लोकल ट्रेन में एक महिला को देखते हुए हस्तमैथुन करते हुए कैमरे में कैद हो गया। उसकी इस शर्मनाक हरकत को उसी ट्रेन में यात्रा कर रहे एक यात्री ने फिल्माया और घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि महिला अन्य यात्रियों के सामने उस मनचले की पिटाई कर रही है। गुस्साए यात्रियों से बचने के लिए वह चलती ट्रेन से कूद गया। खबर है कि यह घटना मंगलवार (26 अगस्त) दोपहर करीब 1:30 बजे ठाणे से वाशी जाने वाली

हार्बर लाइन ट्रेन में हुई। इस घटना का वीडियो इंस्टाग्राम पर "अबरार शेख" ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है और इंटरनेट यूजर्स इस कृत्य में पकड़े गए युवक की आलोचना कर रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि ट्रेन में बैठा एक यात्री उस बेशर्म युवक के सामने अपने बगल में बैठी महिला से सीट बदलने को कहता है और उसे कहीं और बैठने के लिए कहता है। महिला ने उससे उसके असामान्य अनुरोध का कारण पूछा, जिस पर यात्री ने उत्तर दिया कि उसके बगल में बैठा व्यक्ति उसे देखते हुए हस्तमैथुन कर रहा है।

# मुंबई से कोंकण जाने वालों के लिए बड़ी सौगात

## 1 सितंबर से चलेगी रो-रो फेरी...

**मुंबई :** गणेश चतुर्थी पर राज्य सरकार ने कोंकणवासियों के लिए बड़ा तोहफा दिया है. मुंबई के भाऊचा धक्का (फेरी व्हार्फ) से रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग तक अब रो-रो (रोल-ऑन/रोल-ऑफ) फेरी सेवा शुरू होने जा रही है. यह सेवा 1 सितंबर से मौसम स्थिर होने के बाद शुरू होगी. खास बात यह है कि यह फेरी 25 नॉट की रफ्तार से चलेगी और दक्षिण एशिया की सबसे तेज फेरी सेवा होगी.




### 12 घंटे की सड़क यात्रा अब सिर्फ 3 से 5.5 घंटे

अभी तक मुंबई से रत्नागिरी या सिंधुदुर्ग पहुंचने में 10 से 12 घंटे लगते हैं. लेकिन इस फेरी के शुरू होने के बाद सफर महज 3 से 5.5 घंटे में पूरा हो जाएगा. रत्नागिरी के जयगढ़ तक का समय 3 से 3.5 घंटे और सिंधुदुर्ग के विजयदुर्ग तक का समय 5 से 5.5 घंटे होगा. एम2एम प्रिंसेस नाम की यह फेरी एक बार में 656 यात्रियों को लेकर जा सकती है. इसके अलावा 50 चारपहिया गाड़ियां और 30 दोपहिया वाहन भी समा सकते हैं. साइकिल से लेकर बड़ी बस तक ले जाने की सुविधा इसमें होगी.

### कितना होगा किराया

इकोनॉमी क्लास के लिए 2,500 रुपए, प्रीमियम इकोनॉमी के लिए 4,000 रुपए, बिजनेस क्लास के लिए 7,500 रुपए, फर्स्ट क्लास का किराया 9,000 रुपए रखा गया है. वहीं कार के लिए 6,000, बाइक के लिए 1,000, साइकिल के लिए 600, मिनीबस के लिए 13,000, 30 सीटर बस के लिए 14,500, 45 सीटर बस के लिए 17,000, बड़ी बस के लिए 21,000 का किराया रहेगा.

### किराए को लेकर क्या बोले मंत्री

बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने कहा कि किराया भले ही ज्यादा लगे, लेकिन समय की बचत अमूल्य है. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जो लोग मुंबई से सिंधुदुर्ग के चिपी हवाई अड्डे तक जाते हैं, वे 18 से 27 हजार रुपये तक का हवाई टिकट भी खरीदते हैं.

### आगे और कहां तक पहुंचेगी सेवा

शुरूआत में यह सेवा रत्नागिरी के जयगढ़ और सिंधुदुर्ग के विजयदुर्ग तक जाएगी. जयगढ़ की जेट्टी शहर से करीब 40 किलोमीटर दूर है. यात्रियों की सुविधा के लिए रत्नागिरी तक 4-5 बसें उपलब्ध कराई जाएंगी. भविष्य में जेट्टी को सीधे रत्नागिरी टर्मिनल तक बढ़ाया जाएगा. साथ ही श्रीवर्धन और मांडवा जैसे ठिकानों को भी जोड़ा जाएगा.

# गोरेगांव-CSMT ट्रेन में गंदगी का मामला... सीटों पर मिला मानव मल



**मुंबई :** गोरेगांव से सीएसएमटी जाने वाली लोकल ट्रेन में सवार होने के बाद यात्री हैरान और परेशान हो गए, क्योंकि उन्हें पता चला कि महिलाओं के प्रथम श्रेणी और उसके आस-पास के द्वितीय श्रेणी के जनरल डिब्बों की सीटों पर मानव मल जैसा कोई पदार्थ लगा हुआ था। यह घटना अपनी तरह की पहली घटना नहीं है। कुछ साल पहले हार्बर लाइन पर भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था, जहाँ एक डिब्बे में कथित तौर पर मानव मल पाया गया था। इस घटना के बाद रेलवे से ट्रेनों के ठहराव स्थलों पर सुरक्षा कड़ी करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रस्थान से पहले कड़े निरीक्षण करने की माँग उठने लगी है। आक्रोशित यात्रियों ने इस घटना को संभावित सुरक्षा उल्लंघन से जोड़ा है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# देश को निराश करती संसद...

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की संसद ने एक बार फिर देश को निराश किया। 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चले संसद के मानसून सत्र में भी काम कम, हंगामा ज्यादा हुआ। लोकसभा में मात्र 37 घंटे कामकाज हो पाया तो राज्यसभा में 41 घंटे 15 मिनट। करदाताओं की मेहनत की कमाई से चलने वाली संसद में हंगामा कभी भी सुखद नहीं कहा जा सकता। मानसून सत्र कठिन चुनौतियों के साये में हुआ था, फिर भी संसद में ऐसा कुछ नहीं दिखा कि सांसदों को देश की चुनौतियों का भान है। हमेशा की तरह शोर-शराबे के बीच ही सरकार अपना विधायी कामकाज निपटाने में सफल हो गई, लेकिन संसदीय कार्यवाही की दृष्टि से लोकसभा में 83 घंटे और राज्यसभा में 73 घंटे हंगामे की भेंट चढ़ गये। संसद की कार्यवाही पर आने वाले खर्च की नजर से देखें तो 204 करोड़ रुपये से भी ज्यादा हंगामे के चलते बर्बाद हो गए। यह तय है कि हमारे सांसद कभी 'काम नहीं, तो वेतन नहीं' की नैतिकता नहीं दिखायेंगे।

पहलगाम पर आतंकी हमला, उसके जवाब में आपरेशन सिंदूर, ट्रंप का संघर्ष विराम का श्रेय लेने का अंतहीन राग तथा उनकी ही ओर से छेड़े गये टैरिफ युद्ध जैसी जटिल चुनौतियों के साये में हुए मानसून सत्र में संसद का देश हित से विमुख हो कर दलगत राजनीति का बंधक बन जाना देश के प्रति एक प्रकार का अपराध ही है। संसद से अपेक्षा थी कि अपनी संवैधानिक भूमिका का निर्वाह करते हुए इन तमाम मुद्दों पर गंभीर चर्चा से देश का मार्गदर्शन करेगी, लेकिन पूरा सत्र ही दलगत राजनीति से प्रेरित आरोप-प्रत्यारोप और हंगामे की भेंट चढ़ गया। हंगामा अक्सर विपक्ष ही करता है, लेकिन काम से ज्यादा हंगामे की बढ़ती प्रवृत्ति के लिए किसी एक पक्ष को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अगर राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े आतंकवाद और आपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दों पर भी हमारी संसदीय चर्चा की दिशा दलगत राजनीति तय करेगी तो फिर वर्तमान राजनीति की दशा-दिशा के बारे में कहने को ज्यादा कुछ नहीं रह जाता। हमने बहुदलीय लोकतंत्र चुना है। इसलिए दलगत विभाजन और नीतिगत मतभिन्नता स्वाभाविक है। उसका सम्मान भी किया जाना चाहिए। सत्तापक्ष और विपक्ष, दोनों की अपनी-अपनी भूमिकाएं हैं, पर जरूरी नहीं कि वे हमेशा परस्पर विरोध की ही रहें। सत्तापक्ष के कामकाज पर विपक्ष निगरानी रखे, जरूरत होने पर रोक-टोक भी करे, लेकिन देशहित और जनहित के मुद्दों पर दोनों में सहमति और समन्वय की अपेक्षा भी संविधान और संसदीय लोकतंत्र करता है, जो हाल के दशकों में हमारी राजनीति से नदारद है। कड़वा सच यह है कि दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की भूमिकाओं को मन, वचन और कर्म से स्वीकार नहीं कर पाए हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस एक दशक बाद भी स्वीकार करती नहीं दिख रही कि अब भाजपा सत्ता में है और वह विपक्ष में।

Rokthok Lekhani News Update
WhatsApp group

editor@rokthoklekhani.com
+91 9987775650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK
LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE
SHARE
COMMENT
SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मुंबई : श्री सिद्धिविनायक मंदिर दर्शन के समय में बदलाव

## सुबह 4:00 बजे से दर्शन शुरू होंगे. वहीं, रात 10:50 बजे सिद्धि और ऋद्धि प्रवेशद्वार होगा बंद



**मुंबई :** गणेश चतुर्थी का महाउत्सव 27 अगस्त से शुरू हो गया है. 10 दिवसीय उत्सव अनंत चतुर्दशी पर समाप्त होगा. मुंबई के श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी. मुंबई में श्री सिद्धिविनायक भगवान को आराध्य देव माना जाता है. गणपति उत्सव को देखते हुए मुंबई के श्री सिद्धिविनायक मंदिर दर्शन के समय में बदलाव किया गया है. अब मंदिर के द्वार भक्तों के लिए सुबह 4 बजे से खोल दिए जाएंगे. हालांकि, मंगलवार को गणपति के दर्शन का टाइम पहले वाला ही रहेगा. गणेश चतुर्थी के मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां गणपति बप्पा का दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं. भाद्रपद गणेशोत्सव के अवसर पर श्री सिद्धिविनायक मंदिर में होने वाली भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए न्यास ने दर्शन की समय अवधि बढ़ाने का फैसला लिया है.

**श्री सिद्धिविनायक मंदिर नई टाइमिंग**

श्री सिद्धिविनायक मंदिर में अब सुबह 4:00 बजे से दर्शन शुरू होंगे. वहीं, रात 10:50 बजे सिद्धि और ऋद्धि प्रवेशद्वार बंद कर दिए जाएंगे. इसके बाद मंदिर के अंदर मौजूद श्रद्धालुओं को दर्शन करवाया जाएगा और फिर शेज आरती (अंतिम आरती) के बाद मंदिर बंद कर दिया जाएगा. जबकि श्री सिद्धिविनायक मंदिर में पहले दर्शन का समय सुबह 5:30 बजे से लेकर रात 9:50 बजे तक था. अब भक्त ज्यादा देर तक गणपति बप्पा के दर्शन कर पाएंगे.

**मंगलवार के दर्शन का समय**

हालांकि, मंगलवार के दिन मंदिर के दर्शन का समय पहले वाला ही रहेगा. मुंबई का श्री सिद्धिविनायक मंदिर मंगलवार को सुबह 3:15 बजे से लेकर रात 11:30 बजे तक दर्शन के लिए खुला रहता है. साथ ही, मंगलवार को रात के 8:00 बजे होती है. अब गणेश उत्सव के दौरान मंदिर में सुबह की आरती (काकड़ आरती) 4:00 बजे की जाएगी. यह मंदिर मुंबई के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है और यहां दर्शन करने के लिए दूर-दूर से भक्त आते हैं. मुंबई का यह मंदिर भक्तों की इच्छाएं पूरी करने के लिए जाना जाता है और हर साल लाखों लोग यहां अपनी मनोकामनाएं लेकर आते हैं. गणेश चतुर्थी की इस मंदिर में अलग ही धूम देखने को मिलती है, जिसमें बड़ी-बड़ी हस्तियां भी दर्शन करने पहुंचती हैं.

# जमीन विवाद के चलते नृशंस हत्या... 28 वर्षीय युवक की हत्या!



**मुंबई :** अपने पैतृक गाँव में लंबे समय से चल रहे जमीन विवाद के चलते एक नृशंस हत्या हुई, जहाँ तीन लोगों ने कथित तौर पर एक 28 वर्षीय युवक की गर्दन पर टांगी से वार करके हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार को डॉकयार्ड रेलवे स्टेशन के पास मझगांव इलाके में हुई। पीड़ित और आरोपी दोनों ही इलाके में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत थे। नाली के टैंक में शव मिला मंगलवार दोपहर भायखला पुलिस को मझगांव स्थित सूर्यकुंड सोसाइटी के एक नाले के टैंक में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जे.जे. अस्पताल भेजा गया और बाद में उसकी पहचान मूल रूप से बिहार निवासी केशव कुमार चौधरी (उर्फ झा) के रूप में हुई।

# मुंबई : मराठा आरक्षण पर सरकार का रुख साफ- चंद्रशेखर बावनकुले



**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि मराठा समुदाय को आरक्षण दिया जाएगा, लेकिन ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के कोटे में कोई कटौती नहीं होगी। यह बात राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने बुधवार को नागपुर में कही। उनका यह बयान मराठा आंदोलन के नेता मनोज जरांगे की उस मांग के बाद आया है जिसमें उन्होंने मराठा समाज को ओबीसी वर्ग के तहत 10% आरक्षण देने की मांग की है। बावनकुले ने कहा कि सरकार का स्पष्ट रुख है कि मराठाओं को आरक्षण दिया जाए, लेकिन ओबीसी कोटा प्रभावित नहीं होना चाहिए। इसी दिशा में सरकार काम कर रही है। उन्होंने आंदोलन के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ जरांगे की कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा, ''महाराष्ट्र फडणवीस का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। राज्य की जनता जरांगे को जवाब देगी।'' बावनकुले ने कहा कि आंदोलन करने का सबको अधिकार है, लेकिन गणेशोत्सव जैसे बड़े त्योहार के समय आंदोलन नहीं होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इससे त्योहार की शांति प्रभावित हो सकती है। इस बीच मनोज जरांगे अपने समर्थकों के साथ मुंबई के लिए रवाना हो चुके हैं, जहां वे आरक्षण को लेकर आंदोलन करेंगे।

# मुंबई: यात्री को थप्पड... ऑटो ड्राइवर का चालान कटा,

## परमिट रद्द करने की प्रक्रिया शुरू

**मुंबई:** मुंबई में एक ऑटो ड्राइवर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह एक यात्री को थप्पड़ मार रहा था। अब इस ऑटो ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। खबर है कि उसका परमिट रद्द किया जाएगा। दरअसल ये मामला उस वक्त तूल पकड़ा, जब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि यात्री, ड्राइवर के पैर भी छूने की कोशिश करता है लेकिन ड्राइवर को उस पर तरस नहीं आता और वह उसके साथ मारपीट करना जारी रखता है। सोशल मीडिया पर लोग इस ड्राइवर के खिलाफ जमकर गुस्सा निकाल रहे थे और उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे।

**ऑटो ड्राइवर के ऊपर गिरी गाज**

अंधेरी आरटीओ ने यात्री से बदसलूकी करने वाले एक ऑटो रिक्शा ड्राइवर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। ड्राइवर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह एक यात्री युवक को बार-बार थप्पड़ मारता



दिख रहा है। आरटीओ ने ड्राइवर पर 500 रुपये का ई-चालान काटा है और उसका परमिट रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरटीओ ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। आरटीओ के मुताबिक, ड्राइवर का यह बर्ताव बिल्कुल गलत है। उसे शो-कॉज नोटिस भेजा गया है और मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालान भी जारी किया है। मिली जानकारी के मुताबिक, किराए को लेकर ड्राइवर और यात्री के बीच झगड़ा हुआ था। डीएन नगर पुलिस इस मामले की जांच कर रही है, लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

# मुंबई : 38 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी से जुड़े वित्तीय धोखाधड़ी मामले में चार लोग गिरफ्तार...

**मुंबई :** चारकोप पुलिस ने 38 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल वित्तीय धोखाधड़ी मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कथित तौर पर एक सोची-समझी साजिश के तहत मुंबई की एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी से 4.32 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता कंपनी, जो सड़क, बांध और नहर निर्माण के सरकारी ठेके लेती है, ने हाल ही में बेंगलुरु में एक रेलवे क्रॉस-लाइन परियोजना हासिल की थी जिसके लिए 34 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी की आवश्यकता थी। चूँकि बैंक के साथ उसकी क्रेडिट सीमा समाप्त हो चुकी थी, इसलिए कंपनी का परिचय जय दोशी नामक एक एजेंट से कराया गया, जिसने अपने सहयोगी बृजेश भुट्टा के साथ मिलकर गारंटी का प्रबंध करने का वादा किया।

चारकोप पुलिस ने 38 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल वित्तीय धोखाधड़ी मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने कथित तौर पर एक सोची-समझी साजिश के तहत मुंबई की एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी से 4.32 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता कंपनी, जो सड़क, बांध और नहर निर्माण के सरकारी ठेके लेती है, ने हाल ही में बेंगलुरु में एक रेलवे क्रॉस-लाइन परियोजना हासिल की थी जिसके लिए 34 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी की आवश्यकता थी। चूँकि बैंक के साथ उसकी क्रेडिट सीमा समाप्त हो चुकी थी, इसलिए कंपनी



का परिचय जय दोशी नामक एक एजेंट से कराया गया, जिसने अपने सहयोगी बृजेश भुट्टा के साथ मिलकर गारंटी का प्रबंध करने का वादा किया। जनसंपर्क अधिकारी द्वारा पुलिस को दिए गए बयान के अनुसार, ''चारकोप स्थित एक होटल में एक प्रारंभिक बैठक हुई, जहाँ दोशी ने 38 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी प्रदान करने के लिए 4.5 करोड़ रुपये कमीशन की माँग की। 4 जुलाई से 7 जुलाई के बीच, कंपनी ने कई आरटीजीएस लेनदेन के माध्यम से आरोपी से जुड़े एक खाते में 4.32 करोड़ रुपये स्थानांतरित किए। बदले में, कंपनी को पुणे स्थित एक राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी कथित गारंटी सौंपी गई. हालाँकि, सत्यापन के बाद, रेलवे ने पाया कि यह फर्जी थी।''

जब पूछताछ की गई, तो दोशी और भुट्टा ने कंपनी को आश्वासन दिया कि वे दस्तावेज बदल देंगे और बाद में मीरा रोड स्थित एक अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा कथित रूप से जारी दो और गारंटी प्रदान कीं. दोनों की फिर से जाली होने की पुष्टि हुई. पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने सरकारी ठेके हासिल करने के लिए अन्य फर्मों के लिए भी इसी तरह की फर्जी गारंटी बनाई थी. चारकोप पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने बताया, ''शिकायतकर्ता ने इसके बाद दोशी और भुट्टा से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनके फोन नहीं मिल रहे थे. कंपनी के जनसंपर्क अधिकारी ने आखिरकार चारकोप पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. इसके आधार पर, बीएनएस की धारा 316(2), 318(4), 316(5), 338, 336(3) और 340(2) तथा आईटी एक्ट की धारा 61 के तहत मामला दर्ज किया गया.''

शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, डीसीपी संदीप जाधव (जोन 11) और वरिष्ठ निरीक्षक विनायक चौहान के मार्गदर्शन में, चारकोप एपीआई राजेंद्र कुंभारे और उनकी टीम ने जाँच शुरू की और कल डिटेक्शन टीम की मदद से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं और रैकेट से जुड़े व्हाट्सएप चैट और अन्य डिजिटल सबूत बरामद किए हैं. गिरफ्तारियों की पुष्टि करते हुए, वरिष्ठ निरीक्षक विनायक चौहान ने मिड-डे को बताया, ''इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. अन्य आरोपियों का पता लगाने के लिए आगे की जाँच जारी है. '' गिरफ्तार व्यक्तियों को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया और 29 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया.

## मुंबई : राजस्व खुफिया निदेशालय ने ₹115 करोड़ के निर्यात घोटाले का भंडाफोड़ किया



**मुंबई :** राजस्व खुफिया निदेशालय ने ₹115 करोड़ के निर्यात प्रोत्साहन घोटाले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में मुंबई का एक व्यक्ति, जिसे इस घोटाले का 'मास्टरमाइंड'बताया जा रहा है, और एक कस्टम ब्रोकर शामिल हैं। उक्कको खास जानकारी मिली थी कि एक सिंडिकेट अफ्रीकी देशों में नकली और अधिक मूल्य दिखाकर कपड़ों का निर्यात कर रहा है, ताकि सरकार से ड्यूटी ड्रॉबैक और फङ्करउळछ स्कीम के तहत प्रोत्साहन राशि ली जा सके। ये कपड़े पुणे के तालेगांव क्कउऊ से कई फर्जी आयात-निर्यात कोड के जरिए भेजे जा रहे थे।

## ठाणे पुलिस शहर और आसपास के इलाकों में 7,000 से 8,000 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को तैनात करेगी

**ठाणे :** गणेशोत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि नागरिक शांतिपूर्वक और बिना किसी समस्या के त्योहार मना सकें, ठाणे पुलिस शहर और आसपास के इलाकों में 7,000 से 8,000 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को तैनात करेगी। इस बल में राज्य रिजर्व बल, दंगा नियंत्रण दल, त्वरित कार्रवाई दल और होमगार्ड की इकाइयाँ शामिल होंगी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस संवेदनशील इलाकों पर विशेष ध्यान देगी। रिपोर्ट के अनुसार, ठाणे शहर पुलिस का अधिकार क्षेत्र ठाणे से



लेकर बदलापुर और भिवंडी तक के शहरों को कवर करता है। गणेशोत्सव नागरिकों द्वारा बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इस वर्ष, 1,060 सार्वजनिक गणेश मंडलों की मूर्तियाँ स्थापित की गई हैं, और जिले भर में निजी घरों में हजारों मूर्तियाँ स्थापित की गई हैं। जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए, प्रमुख स्थानों पर पुलिस की तैनाती की जाएगी। त्योहार की तैयारी के लिए, ठाणे पुलिस ने भिवंडी और मुंब्रा जैसे शहरों में शांति समिति की बैठकें आयोजित कीं और नागरिकों से सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने का आग्रह किया। अधिकारी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रख रहे हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बरत रहे हैं। रिपोर्टों के अनुसार, व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर धार्मिक तनाव भड़काने वाली अफवाहों या सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरती जा रही है।

## मुंबई : उद्धव ठाकरे अपने परिवार के साथ लालबागचा राजा और मुंबईचा राजा मंडलों में गए

**मुंबई :** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे अपने परिवार के साथ गणेश चतुर्थी 2025 के अवसर पर भगवान गणपति की पूजा-अर्चना करने के लिए प्रतिष्ठित लालबागचा राजा और मुंबईचा राजा मंडलों में गए। यह यात्रा मुंबई में चल रहे गणेश चतुर्थी समारोह, जो शहर के सबसे जीवंत त्योहारों में से एक है, में एक महत्वपूर्ण क्षण है।



उद्धव ठाकरे और उनका परिवार भक्ति और उत्साह के साथ पारंपरिक अनुष्ठानों में भाग लेते देखे गए। लालबागचा राजा, जो अपनी विशाल भीड़ और आध्यात्मिक महत्व के लिए जाना जाता है, में इस उत्सव के दौरान आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। इसी तरह, शहर के एक अन्य प्रसिद्ध गणपति मंडल, मुंबईचा राजा मंडल में भी भक्तों की भारी भीड़ देखी गई।

## चंद्रपुर स्थित ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व में लोकप्रिय बाघ टी-126 (छोटा मटका) को बचा लिया गया



**चंद्रपुर :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर स्थित ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व में लोकप्रिय बाघ टी-126 (छोटा मटका) को बचा लिया गया। बुधवार को जारी बयान के मुताबिक मई में प्रतिद्वंदी बाघ टी-158 को मारने के बाद छोटा मटका गंभीर रूप से घायल हो गया था। खदसंगी रेंज (बफर क्षेत्र) से रैपिड रिस्पॉन्स टीम ने उसे बेहोश कर सुरक्षित निकाला और उपचार के लिए चंद्रपुर के ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर में भेजा। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के एसओपी और तकनीकी समिति की सिफारिशों के आधार पर 27 अगस्त को टी-126 को पकड़ने का आदेश जारी किया गया था। इसका मकसद मानव-वन्यजीव संघर्ष के खतरे की आशंका को खत्म करना था।

## मुंबई : तेजी से आगे बढ़ रही मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना; आधुनिक स्टेशनों का निर्माण

**मुंबई :** मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है. इसी के मद्देनजर गुजरात में आठ आधुनिक स्टेशनों का निर्माण किया जा रहा है, जो यात्रियों को एक अद्भुत और अनोखा अनुभव देने के लिए तैयार हैं. साबरमती, अहमदाबाद, आणंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, बिलिमोरा और वापी स्टेशनों का बुनियादी ढांचा निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब अंतिम रूप से तैयारियां चल रही हैं. ये स्टेशन न केवल ट्रेन में चढ़ने और उतरने की जगह होंगे, बल्कि यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं,



आराम और स्थानीय संस्कृति का अनूठा अनुभव भी प्रदान करेंगे. प्रत्येक स्टेशन को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि वह अपने शहर की सांस्कृतिक पहचान को दर्शाता है.

स्टेशनों के डिजाइन में पर्यावरण का विशेष ध्यान रखा गया है. स्वच्छ ऊर्जा पैदा करने के लिए कुछ स्टेशनों पर सौर पैनल लगाए जा रहे हैं. दिन में प्राकृतिक प्रकाश का उपयोग करने के लिए रोशनदान और बड़ी खिड़कियां बनाई गई हैं, जिससे बिजली की बचत होगी.

इसके अलावा, वर्षा जल संचयन की व्यवस्था की जा रही है और सीवेज के पानी को शुद्ध करने के लिए संयंत्र लगाए जा रहे हैं. साथ ही हरियाली बनाए रखने के लिए स्टेशनों के आसपास पेड़-पौधे भी लगाए जा रहे हैं. ये कदम स्टेशनों को न केवल आधुनिक बनाएंगे, बल्कि पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदार बनाएंगे.

# मुंबई : ३० अगस्त से २ सितंबर तक नॉन इंटर लॉकिंग का काम; मुंबई - हावड़ा रूट की 24 एक्सप्रेस ट्रेनें रहेंगी रद्द...

**मुंबई :** भारतीय रेलवे के बिलासपुर रेल मंडल में नॉन इंटर लॉकिंग का काम 30 अगस्त से शुरू किया जायेगा, जो 2 सितंबर तक चलेगा. इसे लेकर बिलासपुर में चार दिनों तक मेगा ब्लॉक रहेगा. इसके कारण हावड़ा-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर चलने वाली 24 एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनें अलग-अलग तिथियों में रद्द रहेंगी. इस दौरान परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा-टिटलागढ़-रायपुर होकर 6 एक्सप्रेस ट्रेन चलायी जायेंगी. इस संबंध में चक्रधरपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग ने पत्र जारी की है. ट्रेनों के रद्द होने का सर्वाधिक असर चक्रधरपुर रेल मंडल के यात्रियों पर पड़ेगा.

**एनएफआइआर का 31वां राष्ट्रीय अधिवेशन 2 सितंबर से**

नयी दिल्ली करनैल सिंह स्टेडियम बसंत नगर में 2 सितंबर से नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडिया रेलवे मैन का 31वां राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित होगा. यह अधिवेशन तीन दिनों का होगा. अधिवेशन में रेलवे में निगमकरण, निजीकरण व आउटसोर्सिंग पर रोक लगाने, पद सृजन पर लगी रोक हटाने, पुरानी पेंशन योजना सह रेलवे सेवा (पेंशन) नियम 1993 को भारतीय रेल में बहाल करने व यूनिफाइड पेंशन योजना को समाप्त करना मुख्य मुद्दा होगा. वहीं, दपू रेलवे मेंस कांग्रेस के चक्रधरपुर मंडल संयोजक शशि मिश्रा ने मेंस कांग्रेस के अधिकारियों व सदस्यों को अधिवेशन में भाग लेने का आ''ान किया है.

**डीआरएम का दो दिवसीय दौरा 31 से**



31 अगस्त से 1 सितंबर तक मंडल रेल प्रबंधक तरुण हुरिया चक्रधरपुर रेलमंडल के गुवा, बड़ाजामदा, किरीबुरु, बड़बिल और नोवामुंडी स्टेशनों व विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे. डीआरएम के निजी सचिव ने दौरे का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी किया है. कार्यक्रम के अनुसार, 31 अगस्त को सुबह 8:30 से 10:30 बजे तक गुवा, 11 से 12 बजे बड़ाजामदा, दोपहर 1 से 3 बजे तक किरीबुरु और शाम 3:30 से 5 बजे तक बड़बिल का निरीक्षण करेंगे. नोवामुंडी में रात्रि विश्राम के बाद 1 सितंबर को सुबह 8 से 12 बजे तक नोवामुंडी में प्री-एनआइ का जायजा लेंगे और फिर सड़क मार्ग से चक्रधरपुर लौटेंगे. निरीक्षण के दौरान रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे.

**रिटायर लोको पायलटों की बहाली के विरोध में प्रदर्शन**

चक्रधरपुर रेल मंडल में बुधवार को ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन (अलारसा) ने रेलवे बोर्ड की ओर से जारी उस सर्कुलर के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें रिटायर लोको पायलटों को अनुबंध पर पुनः नियुक्त करने की व्यवस्था की गयी है. अलारसा की केंद्रीय कार्यकारिणी समिति (सीडब्ल्यूसी) के आ''ान पर चक्रधरपुर मंडल के सभी 10 क्रू लॉबियों में यह प्रदर्शन आयोजित हुआ. चक्रधरपुर के क्रू लॉबी परिसर में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक दर्जनों रनिंग स्टाफ ने ललन कुमार के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की. अलारसा ने स्पष्ट किया कि रेलवे में लोको पायलटों की भारी कमी है और सेवानिवृत्त पायलटों को पुनः नियुक्त करने के बजाय नयी भर्तियां की जानी चाहिए, ताकि युवाओं को रोजगार का अवसर मिल सके. गौरतलब है कि रेलवे बोर्ड ने हाल ही में ''री-इंगेजमेंट स्कीम '' के तहत रिटायर लोको पायलटों को सीमित जिम्मेदारियों (जैसे शंटिंग और साइडिंग कार्य) के लिए अनुबंध पर लेने का आदेश जारी किया है. विरोध प्रदर्शन में बीबी महतो, मो एस तबरेज, एनके नीलमणि, आरके राणा, निरंजन कुमार, देवनाथ, विकास कुमार राय, मुन्ना कुमार यादव, राजेश कुमार मंडल, एके गुप्ता, रमेश कुमार समेत कई रनिंग स्टाफ शामिल रहे.

## मुंबई : दैनिक कार्य समय को वर्तमान नौ घंटे से बढ़ाकर 10 घंटे करने के प्रस्ताव पर विचार



**मुंबई :** श्रम मंत्री आकाश फुंडकर ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र सरकार निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए अधिकतम दैनिक कार्य समय को वर्तमान नौ घंटे से बढ़ाकर 10 घंटे करने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थलों पर लचीलापन लाने और राज्य के श्रम कानूनों को अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं के अनुरूप बनाने के लिए प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन किया जा रहा है। राज्य के श्रम विभाग ने मंगलवार को मुंबई में अपनी बैठक के दौरान राज्य मंत्रिमंडल के समक्ष यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## चंद्रपुर स्थित ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व में लोकप्रिय बाघ टी-126 (छोटा मटका) को बचा लिया गया

**चंद्रपुर :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर स्थित ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व में लोकप्रिय बाघ टी-126 (छोटा मटका) को बचा लिया गया। बुधवार को जारी बयान के मुताबिक मई में प्रतिद्वंदी बाघ टी-158 को मारने के बाद छोटा मटका गंभीर रूप से घायल हो गया था। खदसंगी रेंज (बफर क्षेत्र) से रैपिड रिस्पॉन्स टीम ने उसे बेहोश कर सुरक्षित निकाला और उपचार के लिए चंद्रपुर के ट्रांजिट ट्रीटमेंट सेंटर में भेजा। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के एसओपी और तकनीकी समिति की सिफारिशों के आधार पर 27 अगस्त को टी-126 को पकड़ने का आदेश जारी किया गया था। इसका मकसद मानव-वन्यजीव संघर्ष के खतरे की आशंका को खत्म करना था।

## मुंबई : जमीन विवाद में मुंबई के व्यक्ति की हत्या



**मुंबई :** मुंबई में हुए एक गांव में जमीन विवाद को लेकर तीन व्यक्तियों ने 35 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या कर दी। मध्य मुंबई के मझगांव में एक हाउसिंग सोसाइटी की ड्रेनेज लाइन में मंगलवार को केशव चौधरी (झा) का शव बरामद किया गया। पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर कहा, चौधरी की हत्या के आरोप में मृत्युंजय झा (36), गिरधारी कुमार और दो अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कथित तौर पर गांव के भूमि विवाद के चलते उनकी हत्या की गई है।

## महाराष्ट्र में पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी चंद्रशेखर आजाद की पार्टी...

## ओवैसी के साथ हो सकता है गठबंधन



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव साल के अंत में संभावित है। इसके साथ ही बीएमसी सहित अन्य चुनाव भी हो सकते हैं। महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव से पहले सांसद चंद्रशेखर आजाद की पार्टी आजाद समाज पार्टी ने बड़ी घोषणा की है। आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने ऐलान किया है कि वो महाराष्ट्र का स्थानीय निकाय चुनाव पूरे दमखम के साथ लड़ेगी। इतना ही नहीं यह भी ऐलान किया गया है कि आजाद समाज पार्टी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM के साथ हाथ मिला सकती है। हालांकि इसपर अंतिम निर्णय सांसद चंद्रशेखर आजाद लेंगे।

मुंबई में गुरवार को आजाद समाज पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए इसका ऐलान किया है। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) नेता और केंद्रीय प्रभारी महाराष्ट्र गौरी प्रसाद उपासक ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद की पार्टी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) महाराष्ट्र में होने वाले आगामी स्थानीय कॉर्पोरेशन चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ने की तैयारी में है और खासकर यह पार्टी महाराष्ट्र में चुनाव लड़ने के लिए असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी अक्टक्ट के साथ गठबंधन में यह चुनाव लड़ने की तैयारी में है। उन्होंने आगे कहा कि अक्टक्ट के अलावा अन्य कई क्षेत्रीय पार्टी हैं, जिसके साथ गठबंधन को लेकर बातचीत चल रही है।

**MIM पार्टी से मिलती हमारी विचारधारा**

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) नेता और केंद्रीय प्रभारी महाराष्ट्र गौरी प्रसाद उपासक ने कहा कि यह पार्टी गरीबों और जरूरतमंदों के लिए लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है। टक्ट भी वही पार्टी है जो धर्मनिरपेक्ष है, जो सिर्फ आवश्यक मुद्दों पर जनता के बीच जाती है। इसी वजह से हमारी विचारधारा उनसे मिलती जुलती है। हमारी अनोपचारिक रूप से टक्ट नेता इम्तियाज जलील से इस संदर्भ बातचीत चल रही है। गौरी उपासक ने आगे बताया कि विधानसभा चुनाव में हमारे कैंडिडेट को हजारों में मतदान मिले हैं। हम जनता के बीच स्वास्थ, एजुकेशन आदि मुद्दों को लेकर जाएंगे।

## महाराष्ट्र: सोशल वर्कर सरिता खानचंदानी ने की आत्महत्या !

### 7वीं मंजिल से कूदकर दी जान...



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में सामाजिक कार्यकर्ता सरिता खानचंदानी ने अपने आवास की सातवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली. उनके सुसाइड करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. हालांकि आत्महत्या के कारणों का खुलासा अभी तक नहीं हुआ है. दरअसल, सरिता खानचंदानी ने सामाजिक कार्यों के जरिए महाराष्ट्र में डीजे बंद करवाने में अहम भूमिका निभाई थी. उल्हासनगर में सरिता खानचंदानी ने अपने घर की सातवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी. सरिता खानचंदानी ने सामाजिक कार्यों में हमेशा आगे रहीं.

**सुसाइड का कारण स्पष्ट नहीं**

उनके कूदने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल पुलिस ने विठ्ठलवाड़ी थाने में मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है. आत्महत्या का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन पुलिस ने बताया है कि परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

संपर्क कार्यालय : रोहिरा हाउस फ्लैट नो 8 दूसरा माला पाकीजा बेकरी के सामने कैडल रोड माहिम पश्चिम मुंबई ४०००१६
मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com